# आईआईएम में 7 मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स आज से

**रायपुर/ नवप्रदेश।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर ने सितंबर माह के लिए मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स (एमडीपी) की घोषणा की है। लीडरशिप, नवाचार, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और कर्मचारी कल्याण पर केंद्रित ये कार्यक्रम एग्जीक्यूटिव एजुकेशन के अंतर्गत आयोजित होंगे। इनका उद्देश्य प्रतिभागियों को तेज़ी से बदलते कारोबारी माहौल में नई जानकारी, रणनीतिक दृष्टिकोण और रूपांतरणकारी कौशल प्रदान करना है। ये 7 मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट, सूचना प्रणाली, जनरल मैनेजमेंट, एचआरएम और ओबी पर आधारित है। जो कि 4 सितंबर से 29 सितंबर के बीच शुरू होंगे। जिसे वरिष्ठ अधिकारियों, मिड-लेवल मैनेजर्स, फंक्शनल लीडर्स और निर्णयकर्ताओं के लिए तैयार किए गए हैं।कार्यक्रमों में नवाचार, सह-निर्माण और डिज़ाइन थिंकिंग, व्यवसाय और शिक्षा में चैटजीपीटी का उपयोग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, कर्मचारी प्रदर्शन और कल्याण, लेबर कोड मास्टरक्लास, हेल्थकेयर मैनेजमेंट और बिज़नेस एनालिटिक्स जैसे विषय शामिल हैं। ये सभी प्रतिभागियों को नवाचार, अनुपालन और उद्योग-विशेष ज्ञान का संतुलित मिश्रण प्रदान करेंगे, जो आधुनिक संगठनों की जटिलताओं से निपटने के लिए ज़रूरी है। आईआईएम के निदेशक-प्रभारी प्रो. संजीव पराशर ने कहा, सितंबर 2025 के एमडीपी कार्यक्रम आज के कारोबारी माहौल की सबसे अहम ज़रूरतों को संबोधित करते हैं। चाहे वह चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स का उपयोग हो, नए श्रम कानूनों को समझना हो, या न्याय और कल्याण पर आधारित नेतृत्व को बढ़ावा देना। प्रतिभागियों को केस डिस्कशन, इंटरैक्टिव सत्र और प्रायोगिक गतिविधियों के ज़रिए वास्तविक अनुभव मिलेगा।

IIM-Nav Pradesh-Raipur_04 Sep 2025_Pg-10